उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7

# UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, गुरुवार, 6 अगस्त 2026 | ई-पेपर | पेज 1 / 1

देश

## मथुरा: हाईवे थाना पुलिस व ANTF की बड़ी कार्रवाई, 1.172 किलो हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार।




संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी मथुरा। जनपद मथुरा की थाना हाईवे पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) आगरा यूनिट ने संयुक्त अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरजनपदीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह पर कार्रवाई की है। पुलिस ने दो तस्करों को 1 किलो 172 ग्राम अवैध हेरोइन तथा तस्करी में प्रयुक्त एक होंडा एक्टिवा स्कूटी (UP 81 DF 0865) सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर 4 अगस्त 2026 की रात करीब 9:40 बजे पाली खेड़ा चौराहा से आगे सलेमपुर पेट्रोल पंप के पास एक बंद पड़े मकान के सामने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इमरान (30 वर्ष) पुत्र सिराज निवासी ऊपरकोट टीला, बोलीशाह मस्जिद के पास, थाना ऊपरकोट, अलीगढ़ तथा शहबाज (22 वर्ष) पुत्र परवेज निवासी टंकी वाली गली, छोटी मस्जिद, थाना ऊपरकोट, अलीगढ़ के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से 1.172 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी भी कब्जे में ले ली।

### एक नज़र में

एल.डी.ए.वी.इण्टर कॉलेज में तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर आयोजित।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

## एल.डी.ए.वी.इण्टर कॉलेज में तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर आयोजित।



स्काउटिंग संस्कारों एवं जीवन-मूल्यों की सशक्त पाठशाला : अखंड प्रताप सिंह। अनूपशहर। एल.डी.ए.वी.इण्टर कॉलेज, अनूपशहर में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड के तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कब/बुलबुल एवं स्काउट/गाइड प्रतिभागियों को स्काउटिंग के मूल सिद्धांतों के साथ सेवा, अनुशासन, सहयोग, आत्मनिर्भरता एवं नेतृत्व क्षमता से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रतिभागियों के कौशल विकास, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रीय सेवा, चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियाँ आयोजित की गईं। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों में टीम भावना, आत्मविश्वास, जिम्मेदारी, अनुशासन तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने पर विशेष बल दिया गया।